राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

06-08-22: वर्ष-3: अंक-16

झांकी हिंदुस्तान की

आज की कविता

हमारा देश विविधताओं का देश है। इसकी धरती में जहां एक तरफ ऊंचा हिमालय है वहीं दूसरी तरफ विशाल महासागर है। रंगबिरंगे त्योहारों और सजीले परिधानों वाली हमारी संस्कृति दुनिया की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। सुनते हैं हिंदुस्तान की झांकी दिखाने वाला ये गीत। गीत सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। कवि प्रदीप

नमक सत्याग्रह

आज की कहानी

हिंदुस्तान की आजादी का संघर्ष सैकड़ों छोटी बड़ी लड़ाईयों की मिली जुली कहानी है। ऐसी ही एक कहानी है नमक की कहानी। गांधी जी के नेतृत्व में 1930 में हुई नमक की इस लड़ाई में हजारों सामान्य स्त्री पुरुष शामिल हुए। दांडी यात्रा नाम की ये कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। बुकबॉक्स

स्वतंत्रता का फल

आज की किताब

मोंगू गाँव के लोग स्वतंत्रता चाहते थे। दादाजी के बताए अनुसार उबँटू नामके व्यक्ति के पास स्वतंत्रता का फल था जो हासिल करना था। क्या मोंगू गाँव के लोग वो फल हासिल कर पाए? क्या वो स्वतंत्र हो पाए? कौन बना राजा? और कैसा चला स्वतंत्र मोंगू गाँव का राज? कहानी पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। अरविन्दगुप्ताटॉयस.कॉम

रंगबिरंगी झंडियाँ

आज की गतिविधि

आजादी का महोत्सव चल रहा है और सब तरफ तीन रंगों वाली झंडियाँ लहरा रही हैं। ये रंगीन झंडियाँ हमारे देश के प्रति आदर और प्रेम की भावना पैदा करती हैं। आज हम रंगीन झंडियों वाला एक ऐसा खिलौना बनाना सीखेंगे जो हवा में लहराकर आनंद से भर देगा हमें। सीखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। अरविन्दगुप्ताटॉयस.कॉम

आजादी वाला स्कूल :समरहिल

टीचर्स कॉर्नर

दरअसल नागरिकता की पहली सीख स्कूल से ही मिलती है। अगर स्कूल बच्चों की आजादी को मानने वाला स्कूल हो तो फिर क्या कहने। हाँ मनमर्जी और आजादी में फर्क है! समरहिल के स्कूल ने साबित कर दिखाया कि आजादी सच में कारगर है। पढ़ते हैं समरहिल की कहानी ए. एस . नील की जुबानी।



शिक्षकों के लिए । ए. एस . नील

मेरे स्कूल की सरकार

हमारा पुस्तकालय

लोकतंत्र का पहला पाठ स्कूल ही पढ़ा सकता है। स्कूल की लोकतान्त्रिक प्रक्रियाएं इसका बढ़िया जरिया हो सकती हैं। लेकिन अगर बच्चे सीधे तौर पर इसका हिस्सा बनें तो फिर ये सीख भी पक्की होती है। स्कूल में सरकार गठन का ये अनुभव लिखा है राजस्थान के विजयप्रकाश जैन ने। आइए पढ़ते हैं उनका ये अनुभव।



शिक्षकों के लिए । संदर्भ

#हरघरतिरंगा

साथियों, हवामहल का 120वाँ अंक हर घर तिरंगा पहल के तहत आपके हाथों में हैं। खुद पढ़िए और अपने दोस्तों को भी साझा कीजिये।

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।